रजिस्ट्री सं० डी-(डी)—73 REGISTERED NO. D-(D)—73

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 52] नई दिल्ली, शनिवार, दिसम्बर 25, 1976 (पौष 4, 1898)
No. 52] NEW DELHI, SATURDAY, DECEMBER 25, 1976 (PAUSA 4, 1898)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।

Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation.

विषय-सूची

	पृष्ठ
भाग I—खंड 1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं . .	853
भाग I—खंड 2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से सम्बन्धित अधिसूचनाएं .	2015
भाग I—खंड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं .	—
भाग I—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से सम्बन्धित अधिसूचनाएं .	1711
भाग II—खंड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम . . .	—
भाग II—खंड 2—विधेयक और विधेयकों संबंधी प्रवर समितियों की रिपोर्ट . .	—
भाग II—खंड 3—उपखंड (i)—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ-राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारियों द्वारा जारी किए गए विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए साधारण नियम (जिनमें साधारण प्रकार के आदेश, उप-नियम आदि सम्मिलित हैं) . .	3143
भाग II—खंड 3—उपखंड (ii)—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ-राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारियों द्वारा विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए आदेश और अधिसूचनाएं . .	4483
भाग II—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा अधिसूचित विधिक नियम और आदेश .	425
भाग III—खंड 1—महालेखापरीक्षक, संघ लोक-सेवा आयोग, रेल प्रशासन, उच्च न्यायालयों और भारत सरकार के अधीन तथा संलग्न कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	10581
भाग III—खंड 2—एकस्व कार्यालय, कलकत्ता द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं और नोटिस	1023
भाग III—खंड 3—मुख्य आयुक्तों द्वारा या उनके प्राधिकार से जारी की गई अधिसूचनाएं	79
भाग III—खंड 4—विधिक निकायों द्वारा जारी की गई विधिक अधिसूचनाएं जिनमें अधि-सूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं . . .	2481
भाग IV—गैर सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी संस्थाओं के विज्ञापन तथा नोटिस	219

CONTENTS

	PAGE
PART I—SECTION 1.—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	853
PART I—SECTION 2.—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	2015
PART I—SECTION 3.—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministry of Defence	
PART I.—SECTION 4.—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Officers issued by the Ministry of Defence	1711
PART II—SECTION 1.—Acts, Ordinances and Regulations	
PART II—SECTION 2.—Bills and Reports of Select Committees on Bills	-
PART II—SECTION 3.—SUB. SEC. (i).—General Statutory Rules (including orders, bye-laws etc. of general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories) ..	3143
PART II—SECTION 3.—SUB. SEC. (ii).—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories) ..	4483
PART II—SECTION 4.—Statutory Rules and Orders notified by the Ministry of Defence ..	425
PART III—SECTION 1.—Notifications issued by the Auditor General, Union Public Service Commission, Railway Administration, High Courts and the Attached and Subordinate Offices of the Government of India ..	10581
PART III—SECTION 2.—Notifications and Notices issued by the Patent Office, Calcutta ..	1023
PART III—SECTION 3.—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	79
PART III—SECTION 4.—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	2481
PART IV—Advertisements and Notices by Private Individuals and Private Bodies	219

भाग I—खण्ड 1

PART I—SECTION 1

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

लोक-सभा सचिवालय

नई दिल्ली-110001, दिनांक 1 दिसम्बर 1976

सं० एफ० 31/4/76/ए० एन०-1/जी० एन०-741/76—लोक सभा सचिवालय (भर्ती तथा सेवा की शर्तें) नियम, 1955 के नियम 19 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, अध्यक्ष लोक सभा सचिवालय (आचरण) नियम 1955 में अग्रेतर संशोधन करने के लिये एतद् द्वारा निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :—

1. (1) ये नियम लोक सभा सचियालय (आचरण) दूसरा संशोधन नियम, 1976 कहे जा सकते हैं।

(2) वे सरकारी राजपत्र में प्रकाशित होने की तारीख से प्रवृत्त होंगे।

2. लोक सभा सचिवालय (आचरण) नियम, 1955 (जिन्हें इसके पश्चात् कथित नियम कहा गया है) में, नियम 7 में, जहां कहीं भी 1000 रु० और "500 रु०" अंक आये हैं, उनके स्थान पर क्रमश: "2000 रु०" और "1000 रु०" अंक प्रतिस्थापित किये जायेंगे।

3. उपरोक्त नियमों में, जहां कहीं भी 'श्रेणी-1', 'श्रेणी-2', 'श्रेणी-3', और 'श्रेणी-4' शब्द आयें, उनका लोप किया जायेगा।

श्यामलाल शकधर, महासचिव

मंत्रिमण्डल सचिवालय

कार्मिक और प्रशासनिक सुधार विभाग

नई दिल्ली-110001, दिनांक 3 दिसम्बर 1976

सं० 4/41/76-सी० एस०-I—केन्द्रीय सचिवालय सेवा के निम्नलिखित स्थायी अनुभाग अधिकारियों को, राष्ट्रपति उसी सेवा के ग्रेड-1 में, प्रत्येक के सामने दी गयी तारीख से, स्थायी रूप में नियुक्त करते हैं :—

1. श्री पी० सी० अरोरा (स्वास्थ्य विभाग)	1-12-74
2. श्री आई० एन० अरोरा (निर्माण तथा आवास मंत्रालय)	1-12-74
3. श्री एच० ए० एम० एल० बज (रक्षा मंत्रालय)	1-2-75
4. श्री यू० आर० कुरलेकर (वाणिज्य मंत्रालय)	5-2-75
5. श्री के० वी० महालिंगम (विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग)	1-3-75
6. श्री जे० ए० समद् (निर्माण तथा आवास मंत्रालय)	1-4-75
7. श्री सी० डब्ल्यू० मिरचन्दानी (वित्त मंत्रालय)	1-4-75
8. श्री के० एस० राजा (सिविल पूर्ति तथा सहकारिता मंत्रालय)	1-5-75
9. श्री एस० के० श्रीवास्तव (पैट्रोलियम और रसायन मंत्रालय)	1-7-75
10. श्री के० वेणुगोपाल (स्वास्थ्य विभाग)	1-7-75
11. श्री एस० के० करतक (स्वास्थ्य विभाग)	27-10-75
12. श्री एन० नटराजन (वित्त मंत्रालय)	27-10-75
13. श्री के० के० मेहरा (बिजली विभाग)	27-10-75
14. श्री ओ० पी० बकरी (गृह मंत्रालय)	27-10-75
15. श्री एच० बी० दास (शिक्षा विभाग)	27-10-75
16. श्री टी० जी० गोधी (कार्मिक और प्रशासनिक सुधार विभाग)	27-10-76
17. श्री एन० ए० सुब्रमणि (स्वास्थ्य विभाग)	1-12-75
18. श्री बी० के० मेहता (पुनर्वास विभाग)	1-1-76

के० एल० रामाचन्द्रन, उप सचिव

नई दिल्ली, दिनांक 25 दिसम्बर 1976

नियम

सं० 6/31/76 के० से० (1)—निम्नलिखित सेवाओं पदों में रिक्तियों को भरने के प्रयोजन के लिए वर्ष 1977 में संघ लोक सेवा आयोग द्वारा ली जाने वाली प्रतियोगिता परीक्षा के नियम आम जानकारी के लिए प्रकाशित किए जा रहे हैं :—

(I) केन्द्रीय सचिवालय सेवा का सहायक ग्रेड

(II) सशस्त्र सेना मुख्यालय सिविल सेवा का सहायक ग्रेड और

(III) भारत सरकार के अन्य विभागों/संगठनों और सम्बद्ध कार्यालयों में जो भारतीय विदेश सेवा (बी)/रेलवे बोर्ड सचिवालय सेवा/केन्द्रीय सचिवालय सेवा/सशस्त्र सेना मुख्यालय सिविल सेवा में सम्मिलित नहीं हैं, सहायकों के पद।

1. कोई भी उम्मीदवार ऊपर की किसी एक या अधिक सेवाओं/पदों के लिए प्रतियोगिता कर सकता है। वह इन में से जितनी सेवाओं/पदों के लिए विचार किया जाना चाहता है, उनका उल्लेख अपने प्रतिवेदन पत्र में कर सकता है।

ध्यान दें :—आयोग द्वारा परीक्षा-परिणाम के आधार पर अर्हता प्राप्त कर लेने वाले उम्मीदवारों से उन सेवाओं/पदों की वरीयता क्रम में जानकारी देने को कहा जाएगा जिनके लिए वे विचार किए जाने के इच्छुक हों।

2. परीक्षा के परिणामों के आधार पर भरी जाने वाली रिक्तियों की संख्या आयोग द्वारा जारी किए गए नोटिस में बताई जाएगी। अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जन जातियों के उम्मीदवारों के लिए पद सरकार द्वारा निश्चित रिक्तियों को देखते हुए आरक्षित रखे जाएंगे।

अनुसूचित जातियों/जन जातियों से अभिप्राय निम्नलिखित आदेशों में उल्लिखित जातियों/जन जातियों में से किसी एक से है :—

संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश 1950, संविधान (अनुसूचित जन जाति) आदेश, 1950, संविधान (अनुसूचित जाति) (संघ राज्य क्षेत्र) आदेश 1951, संविधान (अनुसूचित जन जाति) (संघ राज्य क्षेत्र) आदेश 1951 (अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जन जाति सूचियां (संशोधन)- आदेश, 1956, बम्बई पुर्नगठन अधिनियम, 1960, पंजाब पुनर्गठन अधिनियम, 1966 हिमाचल प्रदेश राज्य अधिनियम, 1970 तथा उत्तर पूर्वी क्षेत्र (पुनर्गठन) अधिनियम, 1971 द्वारा यथा संशोधित) संविधान (जम्मू और कश्मीर) अनुसूचित जाति आदेश, 1956, संविधान (अंडमान और निकोबार द्वीप समूह) अनुसूचित जन जाति आदेश, 1959, संविधान (दादर और नागर हवेली) अनुसूचित जाति आदेश, 1962 संविधान (दादर और नागर हवेली) अनुसूचित जन जाति आदेश, 1962, संविधान (पांडिचेरी) अनुसूचित जाति आदेश 1964 संविधान (अनुसूचित जन जाति) (उत्तर प्रदेश) आदेश, 1917, संविधान (गोआ, दमन और दीव) अनुसूचित जन जाति आदेश, 1968 तथा संविधान (नागालैंड) अनुसूचित जन जातियां आदेश, 1970।

3. संघ लोक सेवा आयोग द्वारा यह परीक्षा इन नियमों के परिशिष्ट I में निर्धारित ढंग से ली जाएगी।

परीक्षा की तारीख और स्थान आयोग द्वारा निर्धारित किए जाएंगे।

4. उम्मीदवार को या तो—

(क) भारत का नागरिक होना चाहिए, या

(ख) नेपाल की प्रजा या

(ग) भूटान की प्रजा, या

(घ) ऐसा तिब्बती शरणार्थी, जो भारत में स्थायी रूप से रहने की इच्छा से पहली जनवरी, 1962 से पहले भारत आ गया हो या

(ङ) कोई भारत मूल का व्यक्ति जो भारत में स्थायी रूप से रहने की इच्छा से पाकिस्तान, बर्मा, श्रीलंका और कीनिया, उगांडा तथा तंजानिया संयुक्त गणराज्य पूर्वी अफ्रीका के देशों से या जाम्बिया, मलावी, जेरे और इथियोपिया से आया हो।

परन्तु (ख), (ग), (घ) और (ङ) वर्गों के अंतर्गत आने वाले उम्मीदवार के पास भारत सरकार द्वारा जारी किया गया पात्रता (एलिजीबिलिटी) प्रमाण पत्र होना चाहिए।

परीक्षा में ऐसे उम्मीदवार को भी, जिसके लिए पात्रता प्रमाण पत्र आवश्यक हो, परीक्षा में बैठने दिया जा सकता है और अंतिम रूप में उसे नियुक्त भी किया जा सकता है बशर्ते कि सरकार द्वारा उसे आवश्यक प्रमाण पत्र दे दिया जाए।

5. जो उम्मीदवार किसी अनुसूचित जाति या अनुसूचित जन जाति का न हो या कीनिया, उगांडा और तंजानिया के संयुक्त गणराज्य का प्रव्रजक न हो या जांबिया, मलावी, जेरे और इथियोपिया से प्रत्यावर्तित भारत मूल का व्यक्ति न हो उसे प्रतियोगिता में दो से अधिक बार बैठने नहीं दिया जाएगा। यह प्रतिबन्ध वर्ष 1962 की परीक्षा के समय से लागू है।

नोट 1 :—यदि कोई उम्मीदवार एक या अधिक सेवाओं/पदों के लिए प्रतियोगिता परीक्षा में बैठा हो तो इस नियम के प्रयोजन के लिए यह मान लिया जाएगा कि वह एक ही बार में उक्त परीक्षा के अंतर्गत आने वाली सब सेवाओं/पदों के लिए बैठ चुका है।

नोट 2 :—यदि कोई उम्मीदवार वस्तुतः एक या अधिक विषयों में बैठा हो तो यह माना जाएगा कि वह प्रतियोगिता परीक्षा में बैठ चुका है।

6. (क) इस परीक्षा में बैठने के लिए यह आवश्यक है कि पहली जनवरी, 1977 को उम्मीदवार की आयु पूरे 20 साल की हो चुकी हो किन्तु पूरे 25 वर्ष की आयु न हुई हो अर्थात् उसका जन्म 2 जनवरी, 1952 से पूर्व तथा 1 जनवरी, 1957 के बाद न हुआ हो।

(ख) भारत सरकार के विभिन्न विभागों/कार्यालयों तथा साथ में संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों के अधीन विभागों/कार्यालयों या चुनाव आयोग और केन्द्रीय सतर्कता आयोग के कार्यालयों या लोक सभा/राज्य सभा सचिवालय में कम से कम 3 वर्ष की लगातार तथा नियमित सेवा कर लेने वाले लोअर डिवीजन क्लर्कों/अपर डिवीजन क्लर्कों के मामले में 30 वर्ष की आयु तक ढील दी जा सकेगी।

(ग) ऊपर बताई गई अधिकतम आयु सीमा में निम्नलिखित मामलों में और ढील दी जा सकेगी :—

(i) यदि उम्मीदवार किसी अनुसूचित जाति या अनुसूचित जन जाति का हो तो अधिक से अधिक 5 वर्ष।

(ii) यदि उम्मीदवार भूतपूर्व पूर्वी पाकिस्तान (अब बंगला देश) का वास्तविक विस्थापित व्यक्ति हो और 1 जनवरी, 1964 और 25 मार्च, 1971 के बीच की अवधि में उसने भारत में प्रव्रजन किया हो तो अधिक से अधिक तीन वर्ष।

(iii) यदि उम्मीदवार किसी अनुसूचित जाति या किसी अनुसूचित जन जाति का हो तथा भूतपूर्व पूर्वी पाकिस्तान (अब बंगला देश) का सदभाविक विस्थापित व्यक्ति भी हो और 1 जनवरी, 1964 और 25 मार्च, 1971 के बीच की अवधि में उसने भारत में प्रव्रजन किया हो तो अधिक से अधिक आठ वर्ष।

(iv) यदि उम्मीदवार श्रीलंका से सद्भावपूर्वक प्रत्यावर्तित या प्रत्यावर्तित होने वाले भारत मूलक व्यक्ति हो और अक्तूबर, 1964 के भारत श्रीलंका समझौते के अधीन 1 नवम्बर, 1964 को या उसके बाद उसने भारत में प्रव्रजन किया हो या करने वाला हो तो अधिक से अधिक 3 वर्ष।

(v) यदि उम्मीदवार अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति का हो और श्रीलंका से सद्भावपूर्वक प्रत्यावर्तित या प्रत्यावर्तित होने वाला भारत मूलक व्यक्ति हो तथा अक्तूबर, 1964 के भारत श्रीलंका समझौते के अधीन 1 नवम्बर, 1964 को या उसके बाद उसने भारत में प्रव्रजन किया हो या करने वाला हो तो अधिक से अधिक 8 वर्ष।

(vi) यदि उम्मीदवार भारत मूलक व्यक्ति हो और उसने कीनिया, उगांडा या तंजानिया संयुक्त गणराज्य से प्रव्रजन किया हो या जाम्बिया, मलावी, जेरे और इथियोपिया से प्रत्यावर्तित हो तो अधिक से अधिक तीन वर्ष।

(vii) यदि उम्मीदवार बर्मा से सद्भावपूर्वक प्रत्यावर्तित भारत मूलक व्यक्ति हो और उसने 1 जून, 1963 को या उसके बाद भारत में प्रव्रजन किया हो तो अधिक से अधिक तीन वर्ष।

(viii) यदि उम्मीदवार किसी अनुसूचित जाति या अनुसूचित आदिम जाति का हो और बर्मा से सद्भावपूर्वक प्रत्यावर्तित भारत मूलक व्यक्ति हो तथा उसने 1 जून, 1963 को या उसके बाद भारत में प्रव्रजन किया हो तो अधिक से अधिक आठ वर्ष।

(ix) किसी दूसरे देश के साथ संघर्ष में या किसी अशांति ग्रस्त क्षेत्र में कार्यवाही के दौरान विकलांग होने के फलस्वरूप सेवा से मुक्त किए गए रक्षा कार्मिकों को अधिक से अधिक तीन वर्ष।

(x) किसी दूसरे देश के साथ संघर्ष में या किसी अशांतिग्रस्त क्षेत्र में कार्यवाही के दौरान विकलांग होने के फलस्वरूप सेवा से नियुक्त किए गए ऐसे रक्षा कार्मिकों के लिए, जो अनुसूचित जाति या अनुसूचित आदिम जाति के हों, तो अधिक से अधिक आठ वर्ष।

(xi) 1971 के भारत पाकिस्तान के बीच हुए संघर्ष के दौरान कार्यवाही में विकलांग होने के परिणामस्वरूप सेवा से निर्मुक्त किए गए सीमा सुरक्षा दल के रक्षा कार्मिकों के लिए अधिक से अधिक तीन वर्ष।

(xii) वर्ष 1971 के भारत पाकिस्तान के बीच संघर्ष के दौरान कार्यवाही में विकलांग होने के परिणाम स्वरूप सेवा से निर्मुक्त सीमा सुरक्षा बल के उन रक्षा कार्मिकों के लिए, जो अनुसूचित जाति अथवा अनुसूचित जन जाति के हों, अधिक से अधिक आठ वर्ष।

ऊपर की गई व्यवस्था को छोड़कर निर्धारित आयुसीमा में किसी भी हालत में छूट नहीं दी जा सकती।

नोट :—जिस उम्मीदवार को नियम 6 (ख) के अधीन परीक्षा में प्रवेश दे दिया गया हो उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी यदि आवेदन-पत्र भेजने के बाद वह परीक्षा से पहले या परीक्षा देने के बाद सेवा से त्यागपत्र दे देता है या विभाग द्वारा उसकी सेवाएं समाप्त कर दी जाती हैं। किन्तु आवेदन पत्र भेजने के बाद यदि उसकी सेवा या पद से छंटनी हो जाती है तो वह पात्र बना रहेगा।

जो लो० डि० क्लर्क/अपर डिविजन क्लर्क सक्षम प्राधिकारी का अनुमोदन लेकर किसी संवर्ग बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति है या जिसका किसी अन्य पद पर स्थानांतरण हो जाता है किन्तु जिस पद से स्थानांतरित हुआ है उस पर उसका लियन बना रहता है, वह यदि अन्यथा उपयुक्त हुआ तो परीक्षा में प्रवेश का पात्र बना रहेगा।

7. उम्मीदवार के पास भारत के केन्द्र या राज्य विधान मंडल द्वारा निगमित किसी विश्वविद्यालय की या संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित या विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956 के खण्ड 3 के अधीन विश्वविद्यालय के रूप में मानी गई किसी अन्य शिक्षा-संस्था की डिग्री होनी चाहिए।

टिप्पणी I :—कोई भी उम्मीदवार, जिसने ऐसी कोई परीक्षा दे दी है जिसके पास करने पर वह आयोग की परीक्षा के लिए शैक्षिक रूप से पात्र होगा, परन्तु उसे परीक्षा फल की सूचना नहीं मिली है तथा ऐसा उम्मीदवार जो ऐसी अर्हक परीक्षा में बैठने का इच्छुक है, आयोग की परीक्षा में प्रवेश पाने का पात्र नहीं होगा।

टिप्पणी II :—विशेष परिस्थियों में संघ लोक सेवा आयोग ऐसे किसी उम्मीदवार को भी परीक्षा में प्रवेश पाने का पात्र मान सकता है जिसके पास उपर्युक्त अर्हताओं में से कोई अर्हता नहीं, बशर्ते कि उम्मीदवार ने किसी संस्था द्वारा ली गई कोई ऐसी परीक्षा पास कर ली हो जिसका स्तर आयोग के मतानुसार ऐसा हो कि उसके आधार पर उम्मीदवार को उक्त परीक्षा में बैठने दिया जा सकता है।

8. जो उम्मीदवार सरकारी नौकरी में स्थायी या अस्थायी रूप से काम कर रहे हों चाहे वे किसी काम के लिए विशिष्ट रूप से नियुक्त भी क्यों न हों, पर आकस्मिक या दैनिक दर पर नियुक्त न हुए हों, उन सब को अपने कार्यालय/विभाग के अध्यक्ष की ओर से आयोग के नोटिस के उपाबंध के पैरा-2 में दिए गए अनुदेशों के अनुसार "अनापत्ति प्रमाण पत्र" प्रस्तुत करना होगा।

9. परीक्षा में बैठने के लिए उम्मीदवार की पात्रता या अपात्रता के बारे में आयोग का निर्णय अन्तिम होगा।

10. किसी उम्मीदवार को परीक्षा में तब तक नहीं बैठने दिया जाएगा जब तक कि उसके पास आयोग का प्रवेश प्रमाण-पत्र (सर्टिफिकेट आफ एडमीशन) न हो।

11. उम्मीदवार को आयोग के नोटिस के पैरा–6 में निर्धारित फीस देनी होगी।

12. जिस उम्मीदवार ने

(i) किसी भी प्रकार से अपनी उम्मीदवारी के लिए समर्थन प्राप्त किया है, अथवा,

(ii) नाम बदल कर परीक्षा दी है, अथवा

(iii) किसी अन्य व्यक्ति से छदम् रूप में कार्य साधन कराया है, अथवा,

(iv) जाली प्रमाणपत्र या ऐसे प्रमाण पत्र प्रस्तुत किए हैं जिनमें तथ्यों को बिगाड़ा गया हो, अथवा,

(v) गलत या झूठे वक्तव्य दिए हैं या किसी महत्वपूर्ण तथ्य को छिपाया है, अथवा

(vi) परीक्षा में प्रवेश पाने के लिए किसी अन्य अनियमित अथवा अनुचित उपायों का सहारा लिया है, अथवा

(vii) परीक्षा के समय अनुचित साधनों का प्रयोग किया हो या

(viii) उत्तर पुस्तकाओं पर असंगत बातें लिखी हों जो अश्लील भाषा में या अभद्र आशय की हों या

(ix) परीक्षा भवन में और किसी प्रकार का दुर्व्यवहार किया हो या

(x) परीक्षा चलाने के लिए आयोग द्वारा नियुक्त कर्मचारियों को परेशान किया हो या अन्य प्रकार की शारीरिक क्षति पहुंचाई हो।

(xi) उपर्युक्त खण्डों में उल्लिखित सभी अथवा किसी भी कार्य के द्वारा आयोग को अवप्रेरित करने का प्रयत्न किया हो तो उस पर आपराधिक अभियोग (क्रिमिनल प्रासीक्यूशन) चलाया जा सकता है और उसके साथ ही उसे—

(क) आयोग द्वारा उस परीक्षा से जिसका वह उम्मीदवार है बैठने के लिए अयोग्य ठहराया जा सकता है, अथवा

(ख) उसे अस्थायी रूप से अथवा एक विशेष अवधि के लिए

(i) आयोग द्वारा ली जाने वाली किसी भी परीक्षा अथवा चयन के लिए,

(ii) केन्द्रीय सरकार द्वारा, अधीन किसी भी नौकरी से वारित किया जा सकता है, और

(ग) यदि वह सरकार के अधीन पहले से ही सेवा में है तो उसके विरुद्ध उपर्युक्त नियमों के अधीन अनुशासनिक कार्यवाही की जा सकती है।

13. परीक्षा के बाद आयोग हर एक उम्मीदवार को अंतिम रूप से दिए गए कुल प्राप्तांकों के आधार पर उनके योग्यता क्रम के अनुसार उनके नामों की सूची बनाएगी और इस परीक्षा का परिणाम निकलने पर जितनी अनारक्षित खाली जगहों पर भर्ती करने का फैसला किया गया हो उतने ही ऐसे उम्मीदवारों को योग्यता क्रम के अनुसार नियुक्त करने के लिए सिफारिश की जाएगी जो आयोग द्वारा परीक्षा में योग्य माने गए हों।

परन्तु यदि सामान्य स्तर से अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जन जातियों के लिए आरक्षित रिक्तियों की संख्या तक अनुसूचित जातियों अथवा अनुसूचित जन जातियों के उम्मीदवार नहीं भरे जा सकते हों, तो आरक्षित कोटा में कमी पूरी करने के लिए आयोग द्वारा स्तर में छूट देकर, चाहे परीक्षा के योग्यता क्रम में उनका कोई भी स्थान हो, नियुक्ति के लिए सिफारिश किए जा सकेंगे, बशर्ते कि ये उम्मीदवार इन सेवाओं/पदों पर नियुक्ति के लिए उपयुक्त हों।

14. प्रत्येक उम्मीदवार को परीक्षाफल की सूचना किस रूप में और किस प्रकार दी जाए, इसका निर्णय आयोग स्वयं करेगा और आयोग उनसे परीक्षाफल के बारे में कोई पत्र व्यवहार नहीं करेगा।

15. नियमों की अन्य व्यवस्थाओं को ध्यान में रखते हुए परीक्षा के परिणाम पर नियुक्ति करते समय उम्मीदवार द्वारा आवेदन पत्र में विभिन्न सेवाओं/पदों के लिए परीक्षा परिणाम घोषित किए जाने के बाद बताए गए वरीयता क्रम पर उचित ध्यान दिया जाएगा (आवेदन-पत्र का स्तम्भ 19 देखिए)]।

16. नियुक्तियां दो वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर की जाएंगी/यदि आवश्यक समझा गया तो परिवीक्षा अवधि बढ़ाई जा सकेगी।

17. उम्मीदवार को सहायक ग्रेड में उसकी नियुक्ति की तारीख से दो वर्ष की अवधि के भीतर कम से कम 30 शब्द प्रति मिनट की गति से अंग्रेजी टाइपिंग या 25 शब्द प्रति मिनट की गति से हिन्दी टाइपिंग परीक्षा पास करनी होगी। यदि वे निर्धारित अवधि के भीतर परीक्षा पास न कर सकें तो वे सहायक ग्रेड में आगे वेतन वृद्धि पाने के तब तक हकदार नहीं होंगे जब तक कि वे उक्त परीक्षा पास न कर लें या उन्हें किसी विशेष या सामान्य आदेश के अधीन ऐसी परीक्षा पास करने की आवश्यकता से छूट न दी जाए और परीक्षा पास कर लेने पर या उससे छूट मिल जाने पर उनका वेतन यह मान कर फिर से इस प्रकार नियत किया जाएगा कि उनकी वेतन वृद्धि रोकी ही नहीं गई थी, परन्तु जितनी अवधि के लिए वेतन-वृद्धि रोकी गई थी उस अवधि का बकाया वेतन उन्हें नहीं दिया जाएगा।

18. जिस व्यक्ति ने,

(क) ऐसे व्यक्ति से विवाह या विवाह अनुबंध किया है जिसका जीवित पति/पत्नी पहले से है या

(ख) जीवित पति/पत्नी के रहते हुए, किसी व्यक्ति से विवाह या विवाह अनुबंध किया है, तो वह सेवा में नियुक्ति के लिए पात्र नहीं माना जाएगा। परन्तु यदि केन्द्रीय सरकार इस बात से संतुष्ट हो जाए कि ऐसा विवाह, ऐसे व्यक्ति तथा विवाह सूत्र के दूसरे पक्ष पर लागू होने वाले वैयक्तिक कानून के अनुरूप स्वीकार्य है और ऐसा करने के अन्य कारण भी हैं, तो वह किसी भी व्यक्ति को इस नियम से छूट दे सकती है।

19. उम्मीदवार को मानसिक और शारीरिक दृष्टि से स्वस्थ होना चाहिए और उसमें कोई ऐसा शारीरिक दोष नहीं होना चाहिए जो संबंधित सेवा/पद के अधिकारी के रूप में अपने कर्त्तव्यों को कुशलता पूर्वक निभाने में बाधक हो। यदि सक्षम अधिकारी द्वारा विहित डाक्टरी परीक्षा के बाद किसी उम्मीदवार के बारे में यह ज्ञात हुआ कि वह इन शर्तों को पूरा नहीं कर सकता है तो उसकी नियुक्ति नहीं की जाएगी। केवल उन्हीं उम्मीदवारों की डाक्टरी परीक्षा की जाएगी जिनकी नियुक्ति के संबंध में विचार किए जाने की संभावना हो।

20. परीक्षा में पास हो जाने मात्र से ही नियुक्ति का अधिकार नहीं मिल जाता, इसके लिए आवश्यक है कि सरकार आवश्यकतानुसार जांच करके इस बात से संतुष्ट हो जाए कि उम्मीदवार तथा चरित्र तथा पूर्ववृत की दृष्टि से इस सेवा/पद पर नियुक्ति के लिए हर प्रकार से उपयुक्त है।

21. केन्द्रीय सचिवालय सेवा और सशस्त्र सेना मुख्यालय सिविल सेवा में सहायकों के पदों की सेवा की शर्तें परिशिष्ट- II में संक्षेप में दी गई हैं।

के० एल० रामचन्द्रन
उप सचिव।

परिशिष्ट I

परीक्षा के विषय, परीक्षा के लिए दिया गया समय और प्रत्येक विषय के पूर्णांक इस प्रकार होंगे:—

विषय	पूर्णांक	दिया गया समय
1. निबन्ध	100	2 घन्टे
2. सामान्य अंग्रेजी	200	3 घन्टे
3. अंकगणित	100	2 घन्टे
4. सामान्य ज्ञान, जिसमें भारत का भूगोल भी शामिल है	100	2 घन्टे

2. परीक्षा का पाठ्य विवरण साथ लगी अनुसूची में दिया गया है।

3. उम्मीदवार प्रश्न पत्र 1 या प्रश्न पत्र 3 या प्रश्न पत्र 4 अथवा तीनों प्रश्न पत्रों का उत्तर हिन्दी (देवनागरी) या अंग्रेजी में दे सकते है। प्रश्न पत्र 2 का उत्तर सभी उम्मीदवारों को अंग्रेजी में ही देना पड़ेगा।

परन्तु प्रश्न पत्र केवल अंग्रेजी में ही तैयार किए जाएंगे। फिर भी, निबन्ध के प्रश्नपत्र में निबन्धों के अंग्रेजी शीर्षकों का हिंदी रूपान्तर भी दिया जाएगा।

नोट 1:—यह विकल्प पूरे प्रश्न पत्र के लिए होगा, उसी प्रश्न पत्र के विभिन्न प्रश्नों के लिए नहीं।

नोट 2:—उक्त प्रश्न पत्रों के उत्तर हिन्दी (देवनागरी) में देने का विकल्प चाहने वाले उम्मीदवारों का अपने इस इरादे का उल्लेख आवेदन पत्र के कालम 5 में स्पष्ट रूप से करना चाहिए, नहीं तो यह समझा जाएगा कि वे सभी प्रश्न पत्रों का उत्तर अंग्रेजी में ही देंगे।

एक बार लिया गया विकल्प अंतिम माना जाएगा और उक्त कालम में कोई परिवर्तन करने का अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा।

जो उम्मीदवार किसी या किन्हीं प्रश्न पत्रों के उत्तर हिन्दी (देवनागरी) में लिखने का विकल्प दे चुके हैं, वे, अगर चाहें तो, हिन्दी की पारिभाषिक पदावली के साथ-साथ, जहां प्रासंगिक हो, अंग्रेजी पर्याय भी दे सकते हैं।

4. उम्मीदवारों को सभी उत्तर अपने हाथ से लिखने होंगे। किसी भी हालत में उन्हें उत्तर लिखने के लिए अन्य व्यक्ति की सहायता लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

5. आयोग अपने निर्णय से परीक्षा के किसी एक या सभी विषयों के अर्हक (क्वालिफाइंग) अंक निर्धारित कर सकता है।

6. केवल सतही ज्ञान के लिए अंक नहीं दिए जाएंगे।

7. खराब लिखाई के कारण लिखित विषयों के पूर्णांकों में से 5 प्रतिशत अंक काट लिए जाएंगे।

8. परीक्षा के सभी विषयों में कम से कम शब्दों में, क्रमबद्ध, प्रभावपूर्ण ढंग से और ठीक-ठीक की गई भाषाभिव्यक्ति को विशेष महत्व दिया जाएगा।

9. उम्मीदवारों से मुद्रा, तोल और माप की मीट्रिक प्रणाली से परिचित होने की आशा की जाती है। प्रश्न पत्रों में यथा आवश्यक मुद्रा, तौल और माप की मीट्रिक प्रणाली से संबंधित प्रश्न पूछे जा सकते हैं।

अनुसूची

परीक्षा का पाठ्य विवरण

1. निबन्ध: दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखना होगा।

2. सामान्य अंग्रेजी:—

(i) सारलेखन और मसौदा लेखन:—अंग्रेजी समझने और लिखने की शक्ति की परीक्षा करने के लिए प्रश्न पूछे जाएंगे। आमतौर पर, संक्षेप या सार लिखने के लिए अवतरण (पैसेजेज) दिए जाएंगे। उम्मीदवारों को कुछ सामग्री दी जाएगी और उन्हें सामग्री का समुचित उपयोग करते हुए, पत्रों, ज्ञापनों आदि के मसौदे तैयार करने को भी कहा जाएगा।

(ii) पर्यायों, विलोमों, शब्दों तथा पदों के मुहावरेदार प्रयोग और सामान्य भूलों के बारे में प्रश्न पूछे जाएंगे।

(iii) शब्द भेद (पार्टस आफ स्पीच), वाक्य विश्लेषण वाक्य रचना तथा प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कथन (डायरेक्ट और इनडायरेक्ट स्पीच)।

नोट :—प्रश्न पत्न 2 में सार लेखन के लिए 75 अंक, मसौदा, लेखन के लिए 75 अंक और व्याकरण, मुहावरों आदि के लिए 50 अंक होंगे।

प्रश्न पत्न 1 और 2 का उद्देश्य उम्मीदवारों को शुद्ध भाषा लिखने की योग्यता की परीक्षा करना है। वाक्य विन्यास तथा योजना, सामान्य अभिव्यक्ति और भाषा के व्यावहारिक प्रयोग पर ध्यान दिया जाएगा।

3. अंकगणित

दशमलव भिन्नों का सरलीकरण, अनुपात तथा समानुपात, प्रतिशतता, औसत, लाभ और हानि, साधारण और चक्रवृद्धि ब्याज। समय तथा दूरी, समय और काम, आंकड़ों के लेखा-चित्तीय निरूपण, रखिक ग्राफों के पढ़ने और आंकड़ों के सारणीकरण के प्रश्न।

बुद्धिमता, यथातथ्यता और तेजी से काम करने की योग्यता जांच करने के लिए प्रश्न पूछे जाएंगे।

टिप्पणी :-प्रश्न पत्न में जब तक अन्यथा निर्धारित नहीं किया जाए तब तक उम्मीदवार प्रश्न पत्नों को हल करने में बीजगणित की रीति का प्रयोग कर सकते हैं।

4. सामान्य ज्ञान, जिसमें भारत का भूगोल भी शामिल है।

सामाजिक घटनाओं का ज्ञान और जो कुछ हम प्रतिदिन देखते हैं और अनुभव करते हैं उनके वैज्ञानिक पक्षों का ज्ञान, जो एक ऐसे साधारण पढ़े लिखे आदमी को होना चाहिए जिसने किसी वैज्ञानिक विषय का विशेष अध्ययन न किया हो। इस प्रश्न पत्न में भारतीय भूगोल संबंधी प्रश्न पूछे जाएंगे। इस प्रश्न पत्न में भारतीय इतिहास संबंधित ऐसे प्रश्न भी पूछे जाएंगे जिनका उत्तर उम्मीदवार, बिना किसी विशेष अध्ययन के ही, दे सकते हैं।

परिशिष्ट II

उन सेवाओं पदों से संबंधित संक्षिप्त विवरण जिनके लिए इस परीक्षा के द्वारा भर्ती की जा रही है।

(1) केन्द्रीय सचिवालय सेवा

केन्द्रीय सचिवालय सेवा में इस समय नीचे लिखे चार ग्रेड हैं :—

चयन (सिलेक्शन) ग्रेड (उप सचिव या समकक्ष अधिकारी) रु० 1500–60–1800–100–2000।

(2) ग्रेड I (अवर सचिव या समकक्ष अधिकारी) रु० 1200–50–1600।

(3) अनुभाग अधिकारी ग्रेड रु० 650–30–740–35–810–द०रो०–35–880–40–1000–द०रो०–40–1200।

(4) सहायक ग्रेड : रु० 425–15–500–द०रो०–15–650–20–700–द०रो०–25–800।

नोट :—जो सहायक अनुभाग अधिकारियों के पद पर पदोन्नत किए जाते हैं, उन्हें कम से कम 710 रु० प्रति मास वेतन दिया जाएगा।

2. सहायकों के रूप में सीधे भर्ती किए गए व्यक्तियों को दो वर्ष तक परिवीक्षा पर रखा जाएगा। जब परिवीक्षा अवधि में उनको सरकार द्वारा निर्धारित प्रशिक्षण लेना होगा और विभागीय परीक्षाएं पास करनी होंगी। यदि परिवीक्षाधीन सहायक प्रशिक्षण अवधि में पर्याप्त प्रगति न दिखा सके या परीक्षाएं पास न कर सकें तो उसे सेवा से मुक्त किया जा सकेगा।

3. परिवीक्षा अवधि के समाप्त होने पर सरकार परिवीक्षाधीन को उसकी नियुक्ति पर पक्का कर सकती है, या सरकार की राय में उसका कार्य या आचरण संतोषजनक न रहा हो तो सरकार उसे या तो सेवा मुक्त कर सकती है या उसकी परिवीक्षा अवधि को, जितना उचित समझे, और बढ़ा सकती है।

4. केन्द्रीय सचिवालय सेवा में भर्ती किए गए सहायकों को केन्द्रीय सचिवालय सेवा में शामिल किसी एक मंत्रालय या कार्यालय में नियुक्त किया जा सकता है। तथापि उन्हें किसी भी समय ऐसे किसी मंत्रालय या कार्यालय में स्थानान्तरण किया जा सकता है।

5. सहायक इस संबंध में समय समय पर लागू होने वाले नियमों के अनुसार ऊंचे ग्रेडों में पदोन्नति पा सकेंगे।

6. जिन व्यक्तियों को उनके अपने ही विकल्प के आधार पर केन्द्रीय सचिवालय सेवा के सहायक ग्रेड में नियुक्त किया गया हो, वे अपनी इस नियुक्ति के बाद किसी भी संवर्ग (केडर) के किसी पद पर स्थानान्तरण या नियुक्ति का दावा नहीं कर सकेंगे।

(II) सशस्त्र सेना मुख्यालय सिविल सेवा

सशस्त्र सेना मुख्यालय सिविल सेवा में इस समय नीचे लिखे चार ग्रेड हैं :—

ग्रेड	वेतनमान
(1) चयन ग्रेड (संयुक्त निदेशक या वरिष्ठ सिविलियन स्टाफ अफसर) ग्रुप-क	रु० 1500–60–1800
(2) सिविलियन स्टाफ अफसर ग्रुप—क	रु० 1100–50–1600
(3) सहायक सिविलियन स्टाफ अधिकारी (ग्रुप—ख—राजपत्नित)	रु० 650–30–740–35–810–द०रो०–35–880–40–1000–द०रो०–40–1200।
(4) सहायक (ग्रुप—ख—अराजपत्नित)	रु० 425-15-500-द०रो०-15–560–20–700–द०रो०–25–800।

नोट :— सहायक के ग्रेड के अधिकारी को सहायक सिविल स्टाफ अधिकारी के ग्रेड पर पदोन्नत होने पर सहायक सिविल स्टाफ अधिकारी के ग्रेड के वेतनमान में कम से कम 710/- रुपए का आरम्भिक वेतन दिया जाएगा।

(2) सहायकों के रूप में सीधे भर्ती किए गए व्यक्तियों को, दो वर्ष तक परीवीक्षा से रखा जाएगा। इस परिवीक्षा अवधि में उनको सरकार द्वारा निर्धारित प्रशिक्षण लेना होगा और विभागीय परीक्षाएं पास करनी होंगी। यदि परिवीक्षाधीन सहायक प्रशिक्षण अवधि में पर्याप्त प्रगति न दिखा सके या परीक्षाएं पास न कर सकें तो उसे सेवा से मुक्त किया जा सकेगा।

(3) परिवीक्षा अवधि के समाप्त होने पर सरकार परिवीक्षाधीन की उनकी नियुक्ति पर पक्का कर सकती है, या सरकार की राय में उसका कार्य या आचरण संतोषजनक न रहा हो तो सरकार उसे या तो सेवामुक्त कर सकती है या उसकी परिवीक्षा अवधि को, जितना उचित समझे, और बढ़ा सकती है।

(4) सशस्त्र सेना मुख्यालय सिविल सेवा में भर्ती किए गए सहायकों को सेवा मुख्यालय या सशस्त्र सेना मुख्यालय सिविल सेवा योजना में शामिल अन्तर सेवा संगठनों में से किसी एक में नियुक्त किया जा सकता है। तथापि उन्हें किसी भी समय ऐसे किसी मुख्यालय या कार्यालय में स्थानान्तरित किया जा सकता है।

(5) सहायक इस संबंध में समय समय पर लागू होने वाल नियमों के अनुसार ऊंचे ग्रेडों में पदोन्नति पा सकेंगे।

(6) जो व्यक्ति सशस्त्र सेना मुख्यालय सिविल सेवा के सहायकों के ग्रेड में नियुक्त हो गए हैं, उनका, ऐसी नियुक्ति के उपरान्त, इस सेवा से बाहर किसी पद पर नियुक्ति अथवा स्थानान्तरण के लिए कोई अधिकार नहीं होगा।

वाणिज्य मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 25 दिसम्बर 1976

सं० 16(21)/74-ई आई एण्ड ई पी०— भविष्य निधि अधिनियम, 1925 (1925 का 19) की धारा 8 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार निदेश देती है कि उक्त अधिनियम के उपबंध, भारतीय बैंकिंग संस्थान, मुम्बई के कर्मचारियों के लाभ के लिए स्थापित की गई अंशदायी भविष्य निधि को लागू होंगे।

के० पी० बालसुब्रह्मण्यम्
उप-निदेशक

उद्योग मंत्रालय

(भारी उद्योग विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 27 नवम्बर, 1976

संकल्प

(ढलवां लोहा उद्योग के लिए इस कार्यकारी दल का गठन)

सं० IV-13/76/टी० एस० डब्ल्यू०-II/ई० आई० एम०—भूरे लोहे की ढली वस्तुओं के निर्माण के लिए अपेक्षित ढलवे लोहे की किस्म (क्वालिटी) सुधारने की सम्भावना और इस कार्य को पूरा करने के लिए अपेक्षित अभ्युपायों, का पता लगाने की दृष्टि से एक कार्यकारी दल गठित करने का निश्चय किया गया है, जिसकी संरचना निम्नलिखित है :—

1. श्री हरि भूषण, — अध्यक्ष
सलाहकार (तकनीकी) तथा पदेन संयुक्त सचिव,
उद्योग मंत्रालय,
भारी उद्योग विभाग।

2. श्री जी० एन० मेहरा, — सदस्य
संयुक्त सचिव,
उद्योग मंत्रालय,
औद्योगिक विकास, विभाग।

3. श्री एस० श्रीनिवासन, — सदस्य
प्रमुख (इंजीनियरी),
योजना आयोग।

4. श्री आर० के० पुरी, — सदस्य
उप-सचिव,
वाणिज्य मंत्रालय।

5. श्री एस० मजूमदार, — सदस्य
औद्योगिक सलाहकार,
तकनीकी विकास का महानिदेशालय।

6. इस्पात विभाग का एक प्रतिनिधि — सदस्य

कार्यकारी दल अपनी रिपोर्ट जनवरी, 1977 के अंत तक प्रस्तुत करेगा।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की एक-एक प्रति सभी संबंधित व्यक्तियों को भेजी जाये।

यह भी आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाय।

दिनांक 7 दिसम्बर, 1976

संकल्प

(ढलाई घर एककों के लिए एक कार्यकारी दल का गठन)

सं० 13026(15)/76-ई० आई० एम०—ऐसा समझा जाता है कि ढलाई घर एककों को, विशेषरूप से पश्चिम बंगाल में जहां इस प्रकार के एकक काफी संख्या में केन्द्रित हैं, काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, उनके वर्तमान उत्पादों की मांग पर्याप्त नहीं है और उनके उत्पादों के विविधीकरण और किस्म अच्छी करने में कठिनाई हो रही है।

इस उद्योग के विभिन्न पहलुओं की जांच करने के लिए एक कार्यकारी दल गठित करने का निश्चय किया गया है जिसकी संरचना निम्नलिखित है :—

1. श्री डी० आर० मलिक, — अध्यक्ष
परामर्शदाता,
सेंट्रल फाउंड्री फोर्ज प्रोजेक्ट,
भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड।

2. श्री हरि भूषण, — सदस्य
सलाहकार (तकनीकी) और पदेन संयुक्त सचिव,
भारी उद्योग विभाग।

3. रेलवे का एक प्रतिनिधि। — सदस्य

4. विकास आयुक्त, लघु उद्योग के कार्यालय का एक प्रतिनिधि। — सदस्य

5. ए० आई० ई० आर०, — सदस्य
फाउंड्री डिवीजन का एक प्रतिनिधि।

उपर्युक्त सदस्यों के अलावा, यदि वे चाहें तो कार्यकारी दल को उद्योग या सरकारी क्षेत्र से किसी अन्य सदस्य को सहयोजित करने का अधिकारी होगा। कार्यकारी दल निम्नलिखित बातों की जांच करेगा :—

(1) विद्यमान एककों की जीव्यता और विकास की क्षमता;

(2) आधुनिकीकरण तथा विद्यमान एककों को विकासक्षम बनाने के लिए किस्म और मात्रा दोनों के सम्बन्ध में अपेक्षित अन्तर्वस्तुएं;

(3) उत्पादन की किस्म सुधारने और युक्ति संगत बनाने के लिए उपायों की सिफारिश करना;

(4) ढली हुई वस्तुओं के निर्यात की सम्भावना।

कार्यकारी दल फरवरी, 1977 के अंत तक अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की एक-एक प्रति सभी संबंधितों को भेजी जाए। यह भी आदेश दिया जाता है कि संकल्प को भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाये।

हरि भूषण,
सलाहकार (तकनीकी) तथा पदेन संयुक्त सचिव

(औद्योगिक विकास विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 30 नवम्बर 1976

संकल्प

सं० आई० एम० ई०-1(2)/76—सरकार ने उद्योग और नागरिक पूर्ति मंत्रालय (औद्योगिक विकास विभाग) के संकल्प दिनांक 14-4-1976 के अनुसार गठित तथा समय-समय पर संशोधित सायकल एवं सायकल उपकरण उद्योगों के विकास सम्बन्धी नामिका में इस संकल्प की तिथि से निम्नलिखित जोड़ने का निर्णय किया है :—

15. श्री ए० आर० सेन,
निदेशक,
विकास आयुक्त का कार्यालय,
लघु उद्योग, निर्माण भवन,
नई दिल्ली।

16. श्री वाई० एस० वेंकटेश्वरन, उप-महानिदेशक, भारतीय मानक संस्था, मानक भवन, 9, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002।	प्रधानाचार्य
श्री एस० चन्द्रशेखरन, प्रधान (मैकेनिकल इंजी०), भारतीय मानक संस्था, मानक भवन, 9, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002।	विकल्प
17. श्री एच० आर० वर्मा, निदेशक (इन्जीनियरी), योजना आयोग, नई दिल्ली।	

सी० मल्लिकार्जुनन, अवर सचिव

इस्पात और खान मंत्रालय

(इस्पात विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 17 नवम्बर 1976

संकल्प

सं० ई० 11015(8)/75-हिन्दी (.):—भारत सरकार ने इस्पात और खान मंत्रालय के लिए एक हिन्दी सलाहकार समिति गठित करने का निश्चय किया है। इस समिति का गठन, कार्य आदि निम्नानुसार होंगे।

1. इस्पात और खान मंत्री	अध्यक्ष
2. इस्पात और खान उप-मंत्री	उपाध्यक्ष
3. श्री निहार रंजन लस्कर, संसद सदस्य (लोक सभा)	सदस्य
4. श्री चिरंजीव झा, संसद सदस्य (लोक-सभा) .	सदस्य
5. श्री तारकेश्वर पांडे, संसद सदस्य (लोक-सभा) .	सदस्य
6. श्री पुरुषोत्तम काकोडकर, संसद सदस्य (लोक-सभा)	सदस्य
7. श्री चन्द्रमणिलाल चौधरी, संसद सदस्य (राज्यसभा)	सदस्य
8. श्री शिवदयाल सिंह चौरसिया, संसद सदस्य (राज्य सभा) .	सदस्य
9. सचिव (इस्पात विभाग)	सदस्य
10. अध्यक्ष, स्टील अथारिटी आफ इंडिया लि०, नई दिल्ली	सदस्य
11. लोहा और इस्पात नियंत्रक, कलकत्ता . .	सदस्य
12. प्रबन्ध निदेशक, बोकारो स्टील लि०, बोकारो .	सदस्य
13. महाप्रबन्धक, भिलाई इस्पात लि०, भिलाई .	सदस्य
14. महाप्रबन्धक, राउरकेला इस्पात लि०, राउरकेला .	सदस्य
15. प्रबन्ध निदेशक, राष्ट्रीय खनिज विकास निगम, हैदराबाद। .	सदस्य
16. अपर सचिव, खान विभाग, नई दिल्ली . .	सदस्य
17. महानिदेशक, भारतीय भूविज्ञान सर्वेक्षण, कलकत्ता .	सदस्य
18. नियंत्रक, भारतीय खान ब्यूरो, नया सचिवालय भवन, नागपुर	सदस्य
19. अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक, भारत एल्यूमोनियम कंपनी लि० (बालको), नई दिल्ली	सदस्य
20. अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक, खनिज समन्वेषण लिमिटेड, नागपुर	सदस्य
21. श्री केशव प्रसाद सिंह, अध्यक्ष, हिन्दी विभाग काशी विद्यापीठ विश्वविद्यालय, वाराणसी	सदस्य
22. राजभाषा विभाग के सचिव तथा भारत सरकार के हिन्दी सलाहकार, नई दिल्ली	सदस्य
23. श्री सुधाकर द्विवेदी, संयुक्त सचिव, राजभाषा विभाग, नई दिल्ली	सदस्य
24. श्री पी० पी० गुप्ता, प्रोजेक्ट मैनेजर बैलाडिला आयरन ओर प्रोजेक्ट पो० आ० पल्लेली जिला बस्तर, (म० प्र०)	सदस्य
25. डा० एम० एन० मिश्रा, प्रोफेसर डिपार्टमेंट आफ मेटलर्जी, बनारस हिन्दु विश्वविद्यालय, वाराणसी	सदस्य
26. डा० हरिकृष्ण अवस्थी, हिन्दी विभागाध्यक्ष, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ .	सदस्य
27. डा० दशरथ सिंह, प्रोफेसर एवं अध्यक्ष, स्नातकोत्तर हिन्दी विभाग, आर० के० तलरेजा कालेज, उल्हास-नगर-3 (महाराष्ट्र)	सदस्य
28. संयुक्त सचिव, (हिन्दी) इस्पात विभाग . .	सदस्य सचिव

2. **कार्य** :

इस समिति का कार्य, सरकारी कार्यों में हिन्दी के प्रयोग से सम्बन्धित मामलों में मंत्रालय को सलाह देना होगा।

3. **कार्य अवधि** :—

समिति का कार्यकाल, निम्नलिखित व्यवस्था के साथ, उसके गठन की तारीख से तीन वर्ष होगा :—

(क) समिति में नामजद संसद सदस्य जैसे ही संसद सदस्य नहीं रहेंगे तभी इस समिति के सदस्य भी नहीं रहेंगे।

(ख) अवधि के बीच में रिक्त हुआ स्थान सम्बन्धित सदस्य के स्थान पर उसके पद पर आने वाले अधिकारी से भरा जाएगा और यह अधिकारी तीन वर्ष की अवधि के बकाया काल के लिए सदस्य होंगे।

4. **विविध** :

(क) समिति आवश्यकतानुसार अतिरिक्त सदस्यों को सहयोजित कर सकेगी और अपनी बैठकों में भाग लेने के लिए विशेषज्ञों को आमंत्रित कर सकेगी अथवा उपसमितियां नियुक्त कर सकेगी।

(ख) समिति का प्रधान कार्यालय नई दिल्ली में होगा लेकिन समिति अपनी बैठकें किसी अन्य नगर में भी कर सकती है।

(ग) समिति और इस समिति की उप-समितियों की बैठकों में उपस्थित होने के लिए गैर सरकारी सदस्यों को भारत सरकार द्वारा समय-समय पर निर्धारित दरों पर यात्रा और दैनिक भत्ता दिया जायेगा।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस प्रस्ताव की प्रति सभी राज्य सरकारों और संघ राज्य प्रदेश के प्रशासकों, प्रधानमंत्री सचिवालय, मंत्रीमण्डल सचिवालय, संसद-कार्य विभाग, लोकसभा सचिवालय, राज्यसभा सचिवालय, योजना आयोग, राष्ट्रपति सचिवालय, भारत के नियंत्रक महालेखा परीक्षक, महालेखाकार, केन्द्रीय राज्यस्व और भारत सरकार के सभी मंत्रालयों तथा विभागों को भेजी जाए।

यह भी आदेश दिया जाता है कि संकल्प को सर्वसाधारण की जानकारी के लिए भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए।

शरण सिंह, सचिव

नागरिक पूर्ति और सहकारिता मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 24 नवम्बर 1976

संकल्प

सं० आर०-17011/3/74-समन्वय—भूतपूर्व उद्योग और नागरिक पूर्ति मंत्रालय (नागरिक पूर्ति और सहकारिता विभाग) के 22 मार्च,

1975 के संकल्प संख्या आर०-17011/3/74-यो० तथा सम०, जिसके द्वारा सहकारिता सम्बंधी सलाहकार परिषद् पुनर्गठित की गई थी और 15 दिसम्बर, 1975 के संशोधन संख्या आर०-17011/3/74-समन्वय में नीचे दिये गये परिवर्तन किये जाते हैं :—

क्रम संख्या 1 पर "श्री टी० ए० पाई" के स्थान पर "सैयद मीर कासिम, मंत्री नागरिक पूर्ति और सहकारिता" का नाम रखा जाये।

क्रम संख्या 3 पर "श्री एस० एस० पुरी" के स्थान पर "श्री एम० जी० बालासुब्रह्मण्यन, सचिव, नागरिक पूर्ति और सहकारिता मंत्रालय" का नाम रखा जाये।

आदेश

आदेश है कि इस संकल्प की कापी सभी संबंधितों को भेजी जाये। यह भी आदेश है कि इस संकल्प को आम सूचना के लिए भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाये।

टी० बालकृष्णन, संयुक्त सचिव

स्वास्थ्य और परिवार नियोजन मंत्रालय

(स्वास्थ्य विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 1 दिसम्बर 1976

संकल्प

सं० टी० 14011/8/76-सी० एण्ड सी० डी०/एम० ए० एल०—भारत सरकार का विचार है कि राष्ट्रीय मलेरिया उन्मूलन कार्य के तीव्र और कारगर कार्यान्वियन के हित में और इस कार्यक्रम के अन्तर्गत अनुसंधान, प्रशिक्षण कार्यकलाप, मूल्यांकन, संभार-तंत्र (लाजिटिक्स), प्राप्ति सप्लाई आदि के उचित और शीघ्र बढ़ावा देने के संबंध में दिन-प्रति दिन निर्णय लेने और आवश्यक वित्तीय मंजूरियां देने के लिए एक कारगर और तेज कार्य पद्धति तैयार की जानी चाहिए। तदनुसार यह निर्णय किया गया है कि मलेरिया उन्मूलन के क्षेत्र से और इस कार्यक्रम के अपेक्षित अन्य मदों से संबंधित परियोजनाओं पर विचार करने और स्वीकृति देने के लिए एक उच्च शक्ति प्राप्त बोर्ड का गठन किया जाए।

इस बोर्ड में निम्नलिखित होंगे :—

1. सचिव, स्वास्थ्य और परिवार नियोजन मंत्रालय	अध्यक्ष
2. संयुक्त सचिव (आ०), स्वास्थ्य विभाग	सदस्य
3. संयुक्त सचिव (वित्तीय सलाहकार) स्वास्थ्य और परिवार नियोजन मंत्रालय	सदस्य
4. स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक	सदस्य
5. निदेशक, राष्ट्रीय मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम	सदस्य-सचिव

बोर्ड को इस क्षेत्र के अन्य विशेषज्ञों जैसे निदेशक, भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद को सहयोजित करने का अधिकार होगा।

इस बोर्ड के पास निम्न प्रकार के मामले भेजे जाएंगे।

(क) मलेरिया के क्षेत्र में 5 लाख रुपये से अधिक की लागत की प्रायोगिक। नवीन परियोजनाओं से संबंधित योजनाएं 5 लाख रुपये के लागत तक की योजनाओं को सचिव अपनी शक्तियों के अन्तर्गत मंजूरी दे सकते हैं।

(ख) राष्ट्रीय उन्मूलन कार्यक्रम संबंधी अन्य योजनाएं बशर्ते कि इनके लिए बजट में व्यवस्था की गई हो।

(ग) यह बोर्ड मलेरिया के क्षेत्र की आप्रेशनल अनुसंधान संबंधी कार्यकलापों की समीक्षा करेगा और उनमें समन्वय भी रखेगा।

(घ) कोई भी अन्य कार्य जो बोर्ड को भारत सरकार द्वारा समय समय पर सौंपा जाए।

3. यह बोर्ड, वित्तीय संबंधी सभी शक्तियों का प्रयोग करेगा।

4. इस बोर्ड को समय-समय पर यथासंशोधित वित्त मंत्रालय के 10-4-1975 के कार्यालय ज्ञापन संख्या एफ० 10(13)ई०-कोआर्ड०/75 में मंत्रालयों को प्रदत्त अधिक वित्तीय शक्तियों के अन्तर्गत उपर पैरा 2 के मदों के बारे में निर्णय लेने और बजट प्रावधानों के अन्तर्गत वित्तीय मंजूरियां देने की पूरी शक्तियां होगी।

5. बोर्ड की बैठक में विचारार्थ कार्य सूची को इसकी बैठक से कम से कम एक सप्ताह पहले बार्ड के सदस्यों को भेज दी जाएगी। बैठक में किसी भी मामले पर बोर्ड की असहमति होने की स्थिति में उस मामले को निर्णय के लिए संबंधित मंत्रालयों के मंत्रियों के पास भेजा जाएगा।

आनन्द प्रकाश अली, उप सचिव

(परिवार नियोजन विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 1976

संकल्प

सं० आर०-17011/36/75-सी० एण्ड जी० (आो० एस०)—भारत सरकार ने इस विभाग के 17 फरवरी, 1975 के संकल्प संख्या 8-16-74-ओ० एस० औ० (सी० एण्ड जी०) द्वारा जिस त्रिपक्षीय राष्ट्रीय परिवार कल्याण नियोजन समिति का गठन किया था, उसे पुनः गठित करने का निश्चय किया है। इस पुनर्गठित त्रिपक्षीय राष्ट्रीय परिवार कल्याण नियोजन समिति की रचना इस प्रकार होगी :—

1.	केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार नियोजन मंत्री	अध्यक्ष
2.	केन्द्रीय श्रम मंत्री।	उपाध्यक्ष
3-7.	निम्नलिखित मंत्रालयों का एक-एक प्रतिनिधि :—	
	(1) स्वास्थ्य और परिवार नियोजन मंत्रालय।	सदस्य
	(2) वित्त मंत्रालय।	सदस्य
	(3) श्रम मंत्रालय।	सदस्य
	(4) योजना आयोग।	सदस्य
8.	अध्यक्ष, केन्द्रीय कामगार शिक्षा बोर्ड।	सदस्य
9-16.	निम्नलिखित का एक-एक प्रतिनिधि :—	
	(1) इंडियन नैशनल ट्रेड यूनियन कांग्रेस।	सदस्य
	(2) आल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस।	सदस्य
	(3) हिन्द मजदूर सभा।	सदस्य
	(4) ज्वांइट कन्सलटेटिव मशीनरी (स्टाफ पक्ष)	सदस्य
	(5) एम्प्लायर्स फेडरेशन आफ इंडिया।	सदस्य
	(6) आल इंडिया एम्प्लायर्स आरगनाइजेशन।	सदस्य
	(7) आल इंडिया मैन्युफैक्चरर्स आरगनाइजेशन।	सदस्य
	(8) ब्यूरो आफ पब्लिक एंटरप्राइसेस	सदस्य
17.	अध्यक्ष, स्टैंडिंग कान्फ्रेन्स आफ पब्लिक एंटरप्राइसेस।	सदस्य
18.	श्री एन० के० भट्ट, संसद सदस्य, (राज्य सभा)।	सदस्य
19.	श्री बी० बी० कार्मिक।	सदस्य
20.	कुमारी मणि बेन कारा।	सदस्य
21.	अपर सचिव एवं आयुक्त (प० नि०), परिवार नियोजन विभाग, नई दिल्ली।	सदस्य-सचिव

2. यह समिति निम्नलिखित कार्य करेगी :—

(1) उपर्युक्त नीतियां तैयार करना, विशिष्ट कार्यक्रम बनाना, कमजोर क्षेत्रों का निर्धारण करना तथा शोधक उपायों का सुझाव देना और परिवार कल्याण नियोजन कार्यक्रमों की प्रगति तथा संगठित क्षेत्र में कार्यकलापों का मूल्यांकन करना।

(2) कामगारों की शिक्षा तथा प्रेरणा हेतु मजदूर संघों और प्रबन्धकों की सहायता और सहयोग प्राप्त करना ; तथा

(3) संगठित क्षेत्र में योजनाओं के कार्यान्वयन के सम्बन्ध में सरकार को विशेषज्ञ परामर्श देना।

3. सामान्यतः समिति के सदस्यों का कार्यकाल दो वर्ष तक रहेगा।

4. समिति की बैठकें आवश्यकतानुसार बुलाई जाएंगी।

5. समिति की बैठकों में भाग लेने के लिये मंत्रियों और अधिकारियों के यात्रा भत्ते और दैनिक भत्ते का खर्च उसी स्रोत से पूरा किया जायेगा जहां से वे अपना वेतन प्राप्त करते हैं। समिति की बैठकों में भाग लेने के लिये गैर-सरकारी सदस्यों के यात्रा भत्ते और दैनिक भत्ते का विनियमन एस० आर० 190 के उपबन्धों और भारत सरकार द्वारा समय-समय पर जारी किये गये तत्सम्बन्धी आदेशों के अनुसार किया जायेगा।

6. इस पर होने वाला व्यय निम्नलिखित मुख्य शीर्ष के अन्तर्गत बजट अनुदान से पूरा किया जायेगा :—

"मांग संख्या 48-परिवार नियोजन के अन्तर्गत

281-क-परिवार नियोजन -क-1

निदेशन और प्रशासन-क-1(1)

मुख्यालय का तकनीकी खण्ड-

क-1(1)(4) यात्रा व्यय (आयोजना)"।

आदेश

आदेश दिया गया कि इस संकल्प की एक एक प्रतिलिपि भारत सरकार के सभी मंत्रालयों तथा राज्य सरकारों/संघ शासित क्षेत्रों को भेजी जाये और यह संकल्प भारत के राजपत्र में आम सूचना के लिए प्रकाशित किया जाए।

सरला ग्रेवाल, अपर सचिव एवं
आयुक्त (प० नि०)

शिक्षा और समाज कल्याण मंत्रालय

(शिक्षा विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 22 नवम्बर 1976

संकल्प

सं० एफ० 15-9/74 यू०1—भारतीय ऐतिहासिक अनुसन्धान परिषद् नई दिल्ली के पुनर्गठन के सम्बन्ध में इस मंत्रालय के संकल्प संख्या एफ० 15-9/75 यू०-1, दिनांक 18 जुलाई, 1975 के संकल्प में आंशिक संशोधन करते हुए, भारत सरकार, शिक्षा और समाज कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली के वित्तीय सलाहकार श्री जे० ए० कल्याणाकृष्णन को तत्काल से वित्तीय/सलाहकार (ई० ए० एण्ड ई०), वित्त मंत्रालय (व्यय विभाग) नई दिल्ली के स्थान पर श्रेणी VI के अन्तर्गत पुनर्गठन परिषद् की बकाया अवधि के लिए भारत सरकार का प्रतिनिधित्व करने के लिए नामजद करती है।

आदेश

यह आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की एक प्रतिलिपि निदेशक ; भारतीय ऐतिहासिक अनुसन्धान परिषद् , 35 ; फिरोजशाह रोड. नई दिल्ली को भेजी जाए।

यह भी आदेश दिया जाता है कि यह संकल्प आम सूचना के लिए भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए।

अनिल बोर्डिया, संयुक्त सचिव

नई दिल्ली, दिनांक 22 नवम्बर 1976

सं० एफ० 112-54/75-एन० एस० वाई०-I (उड़ीसा)—राष्ट्रपति, निम्नलिखित व्यक्तियों को उनके नाम के सामने दी गई तारीख से अगले आदेशों तक नेहरू युवक केन्द्रों में युवक समन्वयक के पद पर तदर्थ आधार पर स्थानापन्न रूप से सहर्ष नियुक्त करते हैं :—

क्रम सं०	नाम	युवक समन्वयक के रूप में नियुक्ति की तारीख	नेहरू युवक केन्द्र का नाम
1.	श्री जे० दमसाना	26 अक्तूबर, 1976 (पूर्वाह्न)	सम्बलपुर (उड़ीसा)
2.	श्री एस० सी० रथ	27 अक्तूबर, 1976 (पूर्वाह्न)	सुन्दरगढ़ (उड़ीसा)
3.	श्री के० सी० मांझी	27 अक्तूबर, 1976 (अपराह्न)	बारीपाधा (उड़ीसा)
4.	श्री पी० पी० पाणिग्रही	1 नवम्बर, 1976 (पूर्वाह्न)	गंजम (उड़ीसा)
5.	श्री बी० मिश्र	5 नवम्बर, 1976 (पूर्वाह्न)	कालाहांडी (उड़ीसा)
6.	श्री बी० सतपथी	22 नवम्बर, 1976 (पूर्वाह्न)	कोरापुट (उड़ीसा)

दिनांक 4 दिसम्बर 1976

सं० एफ० 112-54/75 एन० एस० वाई-I (यू० पी०)—राष्ट्रपति, निम्नलिखित व्यक्ति को उसके नाम के सामने दी गई तारीख से अगले आदेशों तक के लिए नेहरू युवक केन्द्र में स्थानापन्न युवक समन्वयक के रूप में नितांत तदर्थ आधार पर नियुक्त करते हैं।

क्रम सं०	नाम	युवक समन्वयक के रूप में नियुक्ति की तारीख	नेहरू युवक केन्द्र का नाम
1.	श्री एन० एन० तिवारी	20 नवम्बर, 1976 (पूर्वाह्न)	अलीगढ़ (उत्तर प्रदेश)

के० के० खुल्लर, अवर सचिव

निर्माण और आवास मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 5 नवम्बर 1976

संकल्प

सं० क्यू० 11018/21/76-पी०एच०ई०—राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के नगरों में जल पूर्ति की मास्टर प्लान तैयार करने के लिए मार्ग-निर्देश बनाने हेतु एक समिति का गठन करने संबंधी इस मंत्रालय के दिनांक 27 जुलाई, 1976 के इसी संख्या वाले संकल्प के अनुक्रम में भारत सरकार ने समिति का कार्यकाल 27 जनवरी, 1977 तक बढ़ा दिया है, जिस तारीख तक समिति को अपनी रिपोर्ट सरकार को पेश कर देनी चाहिए।

आदेश

1. आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की एक प्रतिलिपि सभी संबंधित को भेजी जाए।

2. यह भी आदेश दिया जाता है कि संकल्प को सार्वजनिक सूचना के लिए भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए।

मीर् यूनस कुल्लाह, संयुक्त सचिव

श्रम मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 3 दिसम्बर 1976

सं० क्यू०–16011/2/76—केन्द्रीय श्रमिक शिक्षा बोर्ड के नियमों और विनियमों के नियम 3(छ) (iii) के अनुसरण में भारत सरकार संयुक्त सचिव श्री पी० गुरुमूर्ति को इस अधिसूचना के जारी होने की तारीख से 2 वर्ष की अवधि के लिए केन्द्रीय श्रमिक शिक्षा बोर्ड में तमिल नाडु सरकार के प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त करती है।

2. तदनुसार, श्रम और रोजगार मंत्रालय की समय-समय पर यथा संशोधित अधिसूचना संख्या ई०ए०ब० पी०–4(24)/58, दिनांक 12 दिसम्बर, 1958/29 अग्रहायण, 1880 में निम्नलिखित परिवर्तन किए जायेंगे।

वर्तमान प्रविष्टि, अर्थात् :—

"5" श्री जिया सिद्दया
श्रमायुक्त, कर्नाटक सरकार,
नं० 49, पैलेस रोड,
बंगलौर-560002"

के लिए निम्नलिखित प्रविष्टि रखी जाएगी अर्थात् :—

"5" श्री पी० गुरुमूर्ति,
संयुक्त सचिव,
तमिलनाडु सरकार,
श्रम और रोजगार विभाग,
मद्रास–600009"।

हंसराज छाबड़ा, उप सचिव

LOK SABHA SECRETARIAT

New Delhi-110001, the 1st December 1976

No. F. 31/4/76/AN-I/GN-741/76.—In exercise of the powers conferred by Rule 19 of the Lok Sabha Secretariat (Recruitment and Conditions of Service) Rules, 1955, the Speaker hereby makes the following rules further to amend the Lok Sabha Secretariat (Conduct) Rules, 1955 namely :—

1. (1) These Rules may be called the Lok Sabha Secretariat (Conduct) Second Amendment Rules, 1976.

   (2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the Lok Sabha Secretariat (Conduct) Rules 1955 (hereinafter referred to as the said Rules) in Rule 7, for the figures "Rs. 1000/-" and "Rs. 500/-" wherever they occur, the figures "Rs. 2000/-" and "Rs. 1000/-" respectively, shall be substituted.

3. In the said Rules, the words "Class I", "Class II", "Class III" and "Class IV" wherever they occur shall be omitted.

S. L. SHAKDHER, Secretary-General.

CABINET SECRETARIAT

(DEPARTMENT OF PERSONNEL AND A.R.)

New Delhi, the 3rd December 1976

No. 4/41/76-CS(I).—The President is pleased to appoint the following permanent Section Officers of the Central Secretariat Service to Grade I of the Service in a substantive capacity, with effect from the date mentioned against each :—

S/Shri

1. P.C. Arora .	Department of Health	1-12-74
2. I.N. Aurora .	Ministry of Works and Housing	1-12-74
3. H.A.M.L. Vaz .	Ministry of Defence	1-2-75
